# छोटी इकाइयों के पंजीकरण के लिए 15 तक चलेगा अभियान

लखनऊ। छोटी इकाइयों को पहचान देने के लिए एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने एमएसएमई उद्यम पोर्टल पर पंजीयन महाअभियान शुरू किया है। यह अभियान पूरे प्रदेश में 15 जून तक चलेगा। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बृहस्पतिवार को महाभियान की शुरुआत कानपुर से की।

अभियान के तहत हर जिले में उद्योग निदेशालय छोटी इकाइयों का पंजीकरण कैंप लगाएगा। उद्यमी खुद भी पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकेंगे। पंजीकरण के दायरे में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमी होंगे। फिलहाल पोर्टल पर 14 लाख छोटी इकाइयां पंजीकृत हैं, जबकि एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग अधिकारी के अनुसार प्रदेश में 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयां हैं। इन सभी के पंजीकरण का लक्ष्य तय किया गया है। सूक्ष्म उद्यम में पूंजी निवेश एक करोड़ तक और टर्नओवर पांच करोड़ तक वाले दायरे में होंगे। लघु उद्यम में पूंजी निवेश 10 करोड़ तक और टर्नओवर 50 करोड़ तक होगा। ब्यूरो

# 35.78 लाख करोड़ के पार हुए निवेश करार

## पांच साल में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में निवेश करार का आंकड़ा अब 35.78 लाख करोड़ रुपये हो गया है। करार की संख्या भी बढ़कर 22,426 हो गई है। मौजूदा निवेश करार के धरातल पर उतरने पर पांच साल में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

बीते फरवरी में राजधानी में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 33.50 लाख करोड़ के 19,058 निवेश करार हुए थे। उस समय 93,82,607 लोगों को रोजगार का दावा किया गया था। उसके बाद से लगातार देश-विदेश के निवेशक निवेश करार कर रहे हैं। साढ़े तीन महीने में निवेश में 2.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। पश्चिमांचल में 18,33,835 करोड़ के निवेश के लिए 11,496 करार, पूर्वांचल में 8,33,700 करोड़ कि निवेश के लिए 6526 करार, मध्यांचल में 4,72,935 करोड़ के निवेश के लिए 3320 करार और बुंदेलखंड में 4,37,622 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 1084 निवेश करार हुए हैं। ब्यूरो

### पहले भूमि पूजन के लिए 5701 परियोजनाओं का चयन

इन्वेस्ट यूपी ने दशहरा से दीपावली के बीच प्रस्तावित पहले भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए 5701 परियोजनाओं का चयन किया है। इसमें करीब 7,86,478 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। 71,738 करोड़ रुपये की 1199 परियोजनाएं भूमि पूजन के लिए तैयार हैं।